हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 3 जुलाई 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट


तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री


14 कृषि विभाग ने सेवानिवृत्त कर्मचारी को दी विदाई



12 नर्सिंग होम से लेकर साक्षरता चौक सर्विस रोड पर...




# हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं होने पर कटेगा चालान, जिले में 70 प्रतिशत से अधिक वाहनों में लगना बाकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने की समय अवधि बीतने के बाद भी जिलेभर में आधे वाहनों में अब तक नंबर प्लेट नहीं बदले गए हैं।

- अब तक 13 हजार का हुआ है आवेदन
- 15 अप्रैल तक की समयावधि थी निर्धारित

सभी वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने के लिए अभियान भी चलाया गया है । शिविरों का आयोजन भी किया गया। वहीं आरटीओ में भी शिविर के माध्यम से हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाए जाने के लिए पंजीयन किया जा रहा है। इसके अलावा ऑनलाइन माध्यम से भी वाहन चालक स्वयं भी अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं, लेकिन अब तक महज 25 से 30% वाहनों में ही हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट बदला गया अब विभाग द्वारा नंबर प्लेट नहीं बदलने वाले वाहनों पर कार्रवाई शुरू कर दी है।

1 अप्रैल 2019 से पहले खरीदे गए सभी वाहनों के नंबर प्लेट बदलकर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगना है। इस नंबर प्लेट से वाहन चोरी जैसी घटनाएं रुकेगी और एक क्लिक में ही वाहन का सारा डिटेल मिल जाएगा। नंबर पर बदलने के लिए 15 अप्रैल 2025 तक का समय दिया गया था इसके बाद भी लोगों को नंबर प्लेट बदलने संदेश देकर जागरूक किया जा रहा था।

## जिले में 45 हजार वाहनों पर लगाना है हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट

### समझाइश के साथ होगी चालानी कार्रवाई

क्षेत्रीय परिवहन विभाग द्वारा हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट बदलने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। वहीं अब यातायात विभाग द्वारा नंबर प्लेट नहीं बदलने वाली वाहनों पर चालानी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस दौरान कुछ वाहनों पर कार्रवाई और कुछ लोगों को समझाइए दी जा रही है। जानकारी के अनुसार नंबर प्लेट नहीं बदलने पर प्रतिदिन के हिसाब से चालानी कार्रवाई किए जाने का प्रावधान है ।

### हजारों वाहन शहर में दौड़ रहे पुराने नंबरों के साथ




विभाग से मिली जानकारी अनुसार जिले में लगभग 45 हजार वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट बदला जाना है लेकिन अब तक लगभग 13 हजार वाहनों का आवेदन विभाग को मिला है। जिसमें कइयों वाहन का ही नंबर प्लेट बदल गया है। लगभग 70% से अधिक वाहन छूटे हुए और पुराने नंबर प्लेट पर चल रहे हैं। **सही जानकारी आएगी** : जिले में हजारों वाहन ऐसे हैं जिनका रजिस्ट्रेशन समाप्त हो गया है। इस हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने पर रजिस्ट्रेशन का रिनुअल भी होगा। वहीं कई ऐसे भी वहां है जो सेकंड हैंड खरीदे गए हैं जिसका नाम ट्रांसफर भी क्रेता ने नहीं कराया है। वहीं अब विक्रेता का भी आता-पिता नहीं है। नियमों के अनुसार आरसी बुक को आधार से लिंक किया जाना है। जिससे किसी और के नाम पर गाड़ी रखकर वर्षों से चलाने वालों की सही जानकारी भी सामने आएगी ।

### चालानी कार्रवाई होगी

हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य है। अब तक 13000 वाहनों का आवेदन आ चुका है और नंबर प्लेट बदले जा चुके हैं। नंबर प्लेट नहीं लगवाने वालों पर कार्रवाई शुरू की गई है।

\- अरविंद भगत क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, बेमेतरा

## खबर संक्षेप

### चावल वितरण की समयावधि 31 जुलाई तक बढ़ी

**बेमेतरा।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम के राशनकार्डधारी परिवारों को माह जून से अगस्त तक के लिए निर्धारित चावल वितरण की अंतिम तिथि अब 31 जुलाई तक बढ़ा दी गई है। पूर्व में यह समयावधि 30 जून निर्धारित थी। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय रायपुर द्वारा राज्य के सभी कलेक्टरों को इस संबंध में पत्र जारी किया गया है। पत्र में भारत सरकार द्वारा तय समयावधि का उल्लेख करते हुए अनुरोध किया है कि प्रत्येक उचित मूल्य की दुकान में प्रदर्शित किया जाए। साथ ही, स्थानीय प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से इस निर्णय की व्यापक जानकारी राशनकार्डधारियों तक पहुंचाई जाए।

### हथियार लेकर चलने वाले तीन गिरफ्तार में

**भिलाई।** धारदार हथियार से लोगों को डराने धमकाने वाले युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर राधिका नगर, कोसा नगर,न्यू कृष्णा नगर में लोगों को धारदार लोहे का चाकू, गंडसा,चापड़ लेकर आने-जाने वाले लोगो को धमकी देने वाले न्यू कृष्णा नगर निवासी ईरजात कुरैशी, गोलू जांगडे, भोला गायकवाड़ को पकड़ा गया।आरोपियों के पास से लोहे का हथियार पुलिस ने जब्त किया।

### कांच को गले में अड़ाकर जेवरात लूटने वाला गिरफ्त में

**भिलाई।** कांच को तोड़कर गले में अड़ाकर सोने के जेवरात को लेकर भागने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि दुर्गा पारा सुपेला निवासी शत्रुघन लाल को आरोपी लक्ष्मी नगर सुपेला निवासी आकाश चौहान उर्फ झटका ने शराब भठ्ठी के पास विवाद करने लगा। इस दौरान आकाश आक्रोश में आकर शराब की बोदल को फोड़कर कांच को गले में टिकाकर सोने के लॉकेट को छीनकर फरार हो गया था। शिकायत के बाद पुलिस ने युवक आकाश चौहान उर्फ झटका को पकड़ा गया। कार्रवाई में सुपेला टीआई विजय यादव समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### गांजा का अवैध कारोबार करने वाले को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** अवैध रुप से गांजा बेचने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने अपराध कायम किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बीएसपी गेट मौहारी मरोदा नर्सरी नेवई में कामेश राव, यशोदा सिंह को अवैध रूप से गांजा बेचते पकड़ा गया। आरोपी एम.कामेश राव के पास से 1.280 कि.ग्रा. गांजा 10 हजार रुपए का जब्त किया।

## अपराध

### पांच साल के बच्चे को लेकर भागा पुलिस ने पकड़ा

# पति ने पत्नी और ससुर पर किया चाकू से ताबड़तोड़ हमला, गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नगर पालिका के ही भीतर आज अपरान्ह लगभग 4 बजे देवेंद्र शर्मा ने अपनी पत्नी ममता शर्मा और ससुर रामचरण शुक्ला के ऊपर दिनदहाड़े चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमला करने के बाद पत्नी के साथ मौजूद अपने 5 वर्षीय बच्चे को लेकर फरार हो गया । हालांकि कुछ घंटों के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी से मामले के संबंध में पूछताछ कर रही है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मारो थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गुंजेरा रहने वाला देवेंद्र शर्मा उम्र 38 साल बुधवार बेमेतरा नगर पालिका क्षेत्र की वार्ड मोहभट्ठा में छुप कर बैठा हुआ था। उसकी पत्नी ममता शर्मा, ससुर रामशरण शुक्ला जो कि अपने बच्चों के एडमिशन के लिए बेमेतरा पहुंचे थे। उसके बाद वापस लौट रहे थे। इसी बीच आरोपी ने अपनी पत्नी और ससुर के ऊपर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर बच्चों को ले भागा । आनन फानन में घटना की सूचना कोतवाली बेमेतरा में दी गई। कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच कर घायलों को जिला चिकित्सालय बेमेतरा लेकर गए ,जहां पर उनका प्राथमिक उपचार किया जा रहा है।

- नगरपालिका के भीतर हुई घटना



### नशे से बरबाद हो रहे परिवार

पुलिस लगातार जागरुकता अभियान चला रही है। इसके बाद ना तो नशे का सामान बिकना कम हो रहा है और ना ही घटनाओं में कमी हो रही है। मामले में भी बताया जा रहा है कि आरोपी नशे का आदी था। इसके कारण उसकी पत्नी अपने बच्चे के साथ मायके चली गई थी। इससे आरोपी नाराज रहता था और उसने चाकू से हमला कर दिया।

### नशे का आदी है आरोपी

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी देवेंद्र शर्मा नशे का आदी था। पिछले दो वर्षों से अपने परिवार से अलग रह रहा है। नशे की आदि के चलते पत्नी अपने बच्चों को लेकर अपना मायका आ गई। पुलिस ने बताया अपनी पत्नी के चरित्र पर शंका के चलते देवेंद्र शर्मा ने यह घटना को अंजाम देने की बात कह रहा है। बाहर हाल बेमेतरा पुलिस ने आरोपी देवेंद्र शर्मा के खिलाफ बीएनएस की धारा 109 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# रेत-मुरूम का अवैध परिवहन, 3 हाईवा जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

क्षेत्र में अवैध रेत मुरूम खनन और परिवहन पर लगातार कार्रवाई जारी है। जिलाधीश के निर्देश व एसडीएम के मार्ग दर्शन में तहसीलदार मानकर पूरे अमले के साथ सुबह से छापामार कार्रवाई में लगे रहे। ग्राम के कोतवालों के साथ मुख्य मार्ग से निकल रही अवैध वाहनों को पकड़ कर थाने के सुपुर्द किया। हाईवा वाहन क्रमांक सीजी 25 एम 7577, क्र सीजी 25 एम 9422 और क्रमांक सीजी 07-2557 को अवैध परिवहन करते पकड़ा। लगातार शहर में पहली बार हो रही कार्रवाई से माफियाओं में हड़कंप मचा है। कार्रवाई के संबंध में तहसीलदार मानकर ने कहा कि शासन के सख्त आदेश के बावजूद नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ करवाई जारी रहेगी।

## भिलाई के युवक की टेडेसरा में हुई हत्या

**भिलाई।** राजनांदगांव के टेडेसरा में दोस्त का जन्म दिन मनाने पहुंचे युवक की चाकू मारकर हत्या का मामला सामने आया है। मृतक रिसाली स्थित मैत्री नगर का रहने वाला है। सोमनी थाना के जांच अधिकारी प्रभारी प्रमोद श्रीवास्तव ने बताया कि नेशनल हाईवे में टेडेसरा स्थित अपना ढाबा में सॉफ्टवेयर इंजीनियर प्रशांत तिवारी नामक युवक दोस्त का जन्म दिन मनाने पहुंचा था।

# सफलता हासिल करने मेहनत और संकल्प जरूरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रवेश उत्सव एवं नवनिर्मित अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण विधायक दीपेश साहू के मुख्य अतिथि हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने की। विधायक साहू ने नवनिर्मित अतिरिक्त कमरे का लोकार्पण किया। इसके पश्चात विधायक सहित सभी अतिथियों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत पौधारोपण किया। इस अवसर पर विधायक साहू ने स्कूल बिल्डिंग का निरीक्षण किया और शाला परिवार को आश्वास्त किया की जल्द की नए भवन के लिए मुख्यमंत्री से निवेदन कर एक अच्छा स्कूल भवन बनाने के लिए राशि की मांग की जाएगी, जिससे छात्र निर्भीक होकर आराम से एक अच्छे माहौल में पढ़ाई कर सकेंगे। इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू ने अपने छात्र जीवन को स्मरण करते हुए भावुक होते कहा-यह वही विद्यालय है, जहां से मैंने शिक्षा प्राप्त की थी और आज बतौर विधायक यहां आकर मैं गर्व महसूस कर रहा हूं। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा बच्चे अपने लक्ष्य को ध्यान में रखकर मन लगाकर पढ़ाई करे। आप जिस मुकाम को पाना चाहते हो, पहले उसे सोचो, उसे अपने जीवन का हिस्सा बनाओ। जब तक आप सोचेंगे नहीं, तब तक आप हासिल भी नहीं कर पाएंगे। आज इस स्कूल के एक पूर्व छात्र इस विद्यालय का प्राचार्य हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि मेहनत और संकल्प से कुछ भी संभव है।

- प्रवेश उत्सव एवं अतिरिक्त कक्ष लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक साहू

उन्होंने कहा, यदि किसी छात्र या छात्रा को 10वीं या 12वीं के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करनी है, तो वह निःशुल्क कोचिंग सेंटर श्री राम एकेडमी में एडमिशन लेकर तैयारी कर सकते हैं। किसी भी प्रकार की समस्या होगी या जीवन में आगे बढ़ने के लिए कोई सहयोग की जरूरत होगी तो आप मुझसे बेझिझक संपर्क करें। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष गौरव साहू, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष युगल देवांगन, पार्षद लक्की साहू, विकारा तम्बोली, आकिब मलकानी, चांदनी रोशन ▶▶| शेष पेज 13 पर

## 4 जुलाई से डाइट बेमेतरा में होने वाले बीआरजी प्रशिक्षण की तैयारी पर हुई बैठक

# डीआरजी और बीआरजी अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करें : प्राचार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में चारों विकास खंड के बीआरजी को प्रशिक्षित करने के लिए डीआरजी की बैठक डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

इसमें कक्षा छठवीं के नवीन पाठ्यपुस्तकों पर आधारित सभी विषयों के लिए बीआरजी को प्रशिक्षित करने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई और आवश्यक रुपरेखा बनाई गई। इसमें विकासखंड स्तर होने वाले आफलाइन शिक्षक प्रशिक्षण के संदर्भ में भी विस्तार से चर्चा की गई और इसके लिए बीआरजी प्रशिक्षण के लिए विस्तृत योजनाएं बनाई गई। प्राचार्य डाइट जे के घृतलहरे ने बताया कि 4 जुलाई से कक्षा छठवीं के नवीन पाठ्य पुस्तकों पर विकासखंड स्त्रोत व्यक्तियों का बीआरजी का प्रशिक्षण दिनांक 4 जुलाई से 8 जुलाई तक विषय वार हिन्दी, संस्कृत, गणित, अंग्रेजी, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान के प्रशिक्षण के लिए बीआरजी को प्रशिक्षण दिया जाएगा।विकास खंड स्त्रोत व्यक्तियों के इस प्रशिक्षण में प्रत्येक विषय के लिए चारों विकास खंडो से तीन-तीन स्त्रोत व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया है। इस तरह से प्रत्येक विकासखंड से 18 बीआरजी भाग लेंगे।

### ये रहे उपस्थित

आज की इस महत्वपूर्ण बैठक में डाइट बेमेतरा से वरिष्ठ व्याख्याता और एफएलएन, हिन्दी तथा संस्कृत विषय की प्रभारी उषा किरण पाण्डेय, सामाजिक विज्ञान विषय की प्रभारी यमुना जांगड़े, विज्ञान विषय की प्रभारी कीर्ति घृतलहरे, गणित विषय के प्रभारी राजकुमार वर्मा और अंग्रेजी विषय की प्रभारी श्रद्धा तिवारी सहित डीआरजी के रूप में हेमलता बंजारे बैहरसरी, रामू पात्रे ताला, दीपचंद देवांगन नवागढ़, हीरालाल साहू देवरबीजा, दौलत राम साहू बारगांव, डॉ नीलेश तिवारी झाल, निर्मला अनंत, केजहा राम निषाद करंजिया नवागांव, घनश्याम माडीले गोपालपुर, ज्योति श्रीवास्तव कुसमी, बहोरिक लाल साहू कुसमी, वीरेंद्र सिंह राठौर कुंरा, अनिल वर्मा नांदघाट, पेखन सिंह वर्मा बावा मोहतरा, रेणुका अग्रवाल कन्या सेजेस हिंदी माध्यम बेमेतरा, अशोक कुमार साहू कंदई, महेश कुमार साहू देवकर, हर्ष श्रीवास्तव मुलमुला, बबीता दास करचुवा, भगवती प्रसाद बानी आनंदगांव उपस्थित थे।

## कलेक्टर रणबीर ने ग्रामीण अंचलों का किया निरीक्षण

# शालाओं के युक्तियुक्तरण, आंगनबाड़ी केंद्र और पौधारोपण स्थलों का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने नवागढ़ विकासखंड के विभिन्न ग्रामों का दौरा कर शासकीय योजनाओं की जमीनी हकीकत का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्राम नारायणपुर के प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल, ग्राम पुटपुरा तथा सम्बलपुर के हाई स्कूल और ग्राम गोढ़ीकला शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालत निरीक्षण किया।

कलेक्टर श्री शर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत जिले में किए गए शालाओं शिक्षकों के युक्तियुक्तरण की सराहना करते हुए कहा कि अब विषय-विशेषज्ञ शिक्षकों की उपलब्धता से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है। उन्होंने शिक्षकों से पढ़ाई की स्थिति की जानकारी ली और विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी शैक्षणिक प्रगति का जायजा लिया। कलेक्टर ने कक्षा कक्षों, शौचालय, पेयजल, मध्याह्न भोजन आदि व्यवस्थाओं की भी विस्तार से जांच की और आवश्यक निर्देश दिए। विद्यार्थियों के साथ बैंच पर बैठकर कर शिक्षक द्वारा पढ़ाई का बारीकी से अध्ययन किया । बाद में उन्होंने बच्चों को सामान्य ज्ञान और अंग्रेजी पढ़ाई । बच्चों के साथ तस्वीर खिंचवाई और नीम का पौधारोपण किया ।



निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री शर्मा ग्राम तेंदुभाटा और ग्राम कौराकापा के आंगनबाड़ी केंद्र पहुँचे, जहाँ उन्होंने बच्चों की उपस्थिति, पोषण आहार और अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी । उन्होंने बच्चों के पोषण और पूर्व शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाए रखने के निर्देश भी दिए। बच्चों को केला खाने को दिए । इस अवसर पर एसडीएम बेमेतरा प्रकाश भारद्वाज, श्रीमती दिव्या पोटाई, जिला कार्यक्रम अधिकारी चंद्रवेश सिंह सिसोदिया, जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बंजारे उप संचालक कृषि मोरध्वज डड़सेना , एसडीओ वन वी.एच. दुबे, जिला प्रबंधक नान अलका शुक्ला सहित अन्य अधिकारी साथ थे ।

### पौधारोपण के लिए चिन्हित स्थल पर पहुंचे

इसके साथ ही उन्होंने ग्राम अमलडीहा और खैरी में पौधारोपण के लिए चिन्हित स्थलों का निरीक्षण किया। श्री शर्मा ने जल संवर्धन निर्माण के कार्यों का अवलोकन करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए व्यापक पौधारोपण आवश्यक है। उन्होंने वन विभाग एवं संबंधित अधिकारियों को आगामी दिनों में पौधारोपण कार्य तेज गति से करने के निर्देश दिए।

# नान अध्यक्ष के प्रथम शहर आगमन पर कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ नागरिक आपूर्ति निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव के प्रथम बेमेतरा आगमन पर भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।

मंगलवार को श्रीवास्तव जैसे ही बेमेतरा पहुँचे, कार्यकर्ताओं ने नेशनल हाईवे एवं रेस्ट हाउस परिसर में पारंपरिक तरीके से उनका अभिनंदन किया। ढोल-तासों और नारों के साथ स्वागत करते हुए कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। स्वागत कार्यक्रम में जिलेभर से भाजपा के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। नान अध्यक्ष श्री श्रीवास्तव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा एक विचारधारा आधारित पार्टी है। जहाँ कार्यकर्ता ही सबसे बड़ा आधार हैं। उन्होंने कहा कि संगठन के हर स्तर पर समन्वय और पारदर्शिता ज़रूरी है, तभी सरकार की योजनाएं सही मायनों में आमजन तक पहुँच सकती हैं।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में चल रही योजनाओं का ज़िक्र करते हुए कहा कि गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना और मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना जैसे कार्यक्रमों को बेहतर क्रियान्वयन के माध्यम से हर ज़रूरतमंद तक पहुँचाना हमारी ज़िम्मेदारी है। कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि अब हर बूथ को मज़बूत करने की दिशा में संगठित प्रयास ज़रूरी है।

### ये रहे उपस्थित

विधायक साजा ईश्वर साहू,जिला व्यापारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष दिलीप माहेश्वरी शहर भाजपा अध्यक्ष युगल देवांगन, पार्षद गौरव साहू, राजू देवांगन, शिव साहू ,भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष योगेश वर्मा,रिंकू साहू,नीरज चांडक,दीपक मोटवानी ,शिवम-तिवारी,राजेंद्र खुराना ,संदीप यादव,पार्षद निखिल साहू ,मोंटी साहू, धर्मेंद्र साहू, गोल्डी वर्मा ,गिरीश गभेल,आकाश रोहरा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सड़क हादसा रोकने ट्रैफिक पुलिस रात में भी सक्रिय, 6 माह में 1.79 करोड़ का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

जिले में सड़क हादसों को रोकने के लिए ट्रैफिक पुलिस ड्यूटी कर रहे है। हरिभूमि ने अलग-अलग जगह पहुंचकर लाइव रिपोर्टिंग किया है। जिसमें ट्रैफिक पुलिस के जवान वाहन चालको को नियमों का पालन कराने दर्जन भर से अधिक जवान जुटे हुए है।ट्रैफिक पुलिस सुपेला, नेहरु नगर, पावर हाउस समेत अन्य चौक चौराहों पर जवान ड्यूटी पर तैनात थे। इस दौरान दो पहिया वाहन चालक हेलमेट को अनिवार्य रुप से पहनने के बारे में बताया जा रहा है। सड़क हादसों में मौत का कारण सिर पर चोट लगने से भी होती है। मगर हेलमेट उपयोग करने वालों का सिर सुरक्षित रहता है। उन्हें किसी भी प्रकार की गंभीर चोट नहीं लगती है।कार चालको को भी रात को चौक चौराहो पर रोक कर चालानी भी काटी जा रही है।चालको को कार चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करने की भी सलाह दी जा रही है। सडक हादसों को रोकने के लिए ट्रैफिक नियों का पालन करने की हिदायत भी जा रही है। वर्ष 2024 की तुलना में वर्ष 2025 में 17,145 अधिक वाहन चालको पर चालानी कार्रवाई की गई।

## जगह-जगह बनाया गया पॉइंट, सुपेला, पावर हाउस, नेहरु नगर में तैनाती

### नशेड़ी वाहन चालकों पर लगाम भी

ट्रैफिक पुलिस जवान रात में भी नशेड़ी किस्म के वाहन चालको पर भी लगाम कसने का प्रयास किया जा रहा है। प्रतिदिन ट्रैफिक पुलिस शाम 6 से रात 11 बजे तक चौक चौराहों पर पाइंट लगाकर नशेड़ी चालको को ब्रीथएनेलाईजर मशीन से चेक किया जा रहा है। वाहन चलाने चालको के वाहन भी जब्त किए जा रहें है। वाहनों को सीधे न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। प्रत्येक वाहन चालक पर 10-15 हजार रूपये अर्थदण्ड से दण्डित भी किया जा रहा है। 6 माह में ट्रैफिक पुलिस ने मोटर व्हील एक्ट के तहत 1 करोड़ 79 लाख 11 हजार वसूला गया।










### 38 हजार 402 चालकों पर की गई कार्रवाई

| | |
|---|---|
| बिना हेलमेट | 6385 |
| सीट बेल्ट | 2791 |
| नो पार्किंग | 6349 |
| माल वाहन | 345 |
| तेज रफ्तार | 976 |
| तीन सवारी | 764 |
| नशेड़ी चालक | 563 |

### हादसों को रोकने चल रहा है अभियान



“ सड़क हादसों को रोकने के लिए ट्रैफिक पुलिस द्वारा अभियान चलाया गया है। 6 माह में 38 हजार से अधिक चालको पर कार्रवाई की गई है। जो नियमों का पालन नहीं करते है उन पर शिकंजा कसा जा रहा है। रात में भी ट्रैफिक जवान ड्यूटी पर तैनात रहते है।

**ऋचा मिश्रा,** एएसपी ट्रैफिक

## खबर संक्षेप



### सेवानिवृत होने पर दी विदाई

**भिलाई।** नगर सेवा विभाग के कर्मी श्रीकांत को संयंत्र से सेवानिवृत होने पर विदाई दी गई श्रीकांत ने संयंत्र में अपने दीर्घ सेवाकाल व सहकर्मियों के साथ मिले सहयोग के लिए सबका आभार व्यक्त किया । अनुभाग ने उपहार व पुष्प गुच्छ भेंट कर उन्हें सम्मानित किया । इस अवसर पर कृष्णानन्द राय, आनंद साहू, पीएल साहू, घासीराम,किशुन साहू डां. पीआर वर्मा उपस्थित थे।

### शासकीय महाविद्यालय निकुम में प्रवेश शुरू

**अंडा।** पुकेश्वर भारदीय शासकीय महाविद्यालय निकुम में सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रारंभ शुरू हो गया है। यहां 20 गांव से विद्यार्थी अध्ययन के लिए आते हैं। महाविद्यालय में समय-समय पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। महाविद्यालय के अध्यक्ष सुरेश कुमार साहू द्वारा प्रवेश के लिए उचित पहल की जा रही है , जिससे आने वाले समय में महाविद्यालय को विशेष पहचान मिलेगी। साहू ने कहा सभी का निरंतर सहयोग मिल रहा है, महाविद्यालय संबंधित आसपास गांव में मुनादी के लिए पंचायत को सूचना दी गई है, विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा व सुविधा के लिए टीम काम कर रही है।

### खानापूर्ति करने के बाद निगम ने साधी चुप्पी, ट्रैफिक पुलिस भी नहीं सक्रिय

# नर्सिंग होम से लेकर साक्षरता चौक सर्विस रोड पर वाहनों का कब्जा, मार्ग से गुजरना मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

सिन्हा नर्सिंग होम से लेकर साक्षरता चौक सर्विस रोड पर कब्जे ही कब्जे हैं। इस पूरी रोड को देखने से ऐसा लगता है कि कार वाहन पार्किंग स्टैंड बना हो। दुकानदार अपनी दुकानें ही इस सर्विस रोड पर संचालित कर रहे हैं। सड़क की 10 फीट एरिया दुकानों के सामान निकालने की वजह से घिरा हुआ है। रोड के किनारे की खाली जगह में कार पार्किंग के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। कार डेंटिंग-पेंटिग, बैटरी एजेंसी से लेकर मैकेनिकल वर्क का काम-काज इस रोड किनारे की रिक्त जगह पर कब्जे कर चला रहे हैं। निगम ने शिकायत के बाद एक-दो बार खानापूर्ति के लिए जुर्माने की कार्रवाई जरूर की लेकिन उसके बाद चुप्पी साध ली। लोगों का गुजरना मुश्किल हो गया है। जबकि इसी रास्ते से ज्यादातर लोगों का आवागमन होता है।

### घड़ी चौक से पावर हाऊस तक सर्विस लेन पर अतिक्रमण




### कई बार शिकायतें की

“ वार्ड पार्षद होने के नाते एप्रोच रोड को कब्जामुक्त करने के लिए निगम प्रशासन से कई बार शिकायत की है। एक-दो बार कार्रवाई के नाम पर जुर्माना भी लगाया गया है। रोड को व्यवस्थित करवाने के लिए निगम को मैंने प्रस्ताव भी दिया है। जिससे लोगों की समस्या का समाधान हो सके।

**भोजराज सिन्हा,** वार्ड पार्षद

## ये चार जगह जहां आवागमन हुआ मुश्किल

**केस 1**

### पूरी रोड पर सालों से कब्जा

सार्वजनिक शौचालय सुपेला के ठीक पीछे दो एप्रोच रोड है। ये दोनों रोड सालों से कब्जे की वजह से ब्लॉक है। दोनों रोड पर एक फर्नीचर कारोबारी ने कब्जा कर लिया है। इस दोनों सड़क पर खुलेआम तखत और दीवान को बिछाकर इसे बनाते हैं। पूरे दिन ये काम चलता है। रात को इसी रोड पर तखत व दीवान का स्टॉक कर लिया जाता है। इसलिए ये रोड सालों से बंद हैं। भूले से लोग यदि वहां चले जाएं तो उनके कर्मी खरी-खोटी सुनाते हैं कि दोबारा आने-जाने का कोई हिम्मत ही नहीं कर सकता।

**केस 2**

### बैटरी बदलने पार्किंग

इस सर्विस रोड पर बैटरी, मेडिकल स्टोर्स और डेंटिंग- पेंटिंग व वाहन मैकेनिकल वर्क चलता है। बैटरी व मेडिकल स्टोर्स के ठीक सामने खाली जगह है। यहां पर कारों की अघोषित वाहन स्टैंड जैसा नजारा देखने मिलता है। इसी के पास डेटिंग-पेंटिंग व मैकेनिकल वर्क का काम चलता है। इस पूरे एरिया में कार व बड़ी वाहन पूरे दिन खड़ी रखी जाती है। जिसकी वजह से लोगों का आवागमन यहां से नहीं हो पा रहा।

**केस 3**

### साक्षरता से टाकीज चौक एप्रोच रोड

साक्षरता चौक एप्रोच रोड से लेकर चंद्रा मौर्या टाकीज चौक तक का एप्रोच रोड में दुकानें सड़क पर आ गई है। दुकानदारों ने अपना सामान बाहर ही रख लिया है। इसी रोड पर एक चौपाटी भी संचालित हो रही है। ठेले-खोमचे भी पूरे दिन दिखेंगे। सेकंड हेंड कार बिक्री केंद्र भी इसी रोड किनारे चल रहे हैं लेकिन उनके वाहन इस रोड को घेर कर रखा जा रहा है। इससे आगे आएंगे तो एक डॉयग्नोस्टिक और ऑटोमोबाइल सेंटर चल रहे हैं।

## इसलिए हो रही दिक्कतें लोगों को

**पहला**

सुपेला से पावरहाउस जाने के लिए इस एप्रोच रोड का इस्तेमाल किया जाता है। वार्ड क्रमांक 44 के लोग भी इसी रास्ते से अपने घरों के लिए जाते हैं। श्रीराम चौक, सिविल अस्पताल सुपेला के पीछे का पूरा एरिया वार्ड 44 व 45 का है। एक बड़ी आबादी के आवागमन का यह एप्रोच रोड है। इसके अलावा भीतर बड़ा मार्केट एरिया है। जहां खरीदारी के लिए लोग इस एप्रोच रोड का उपयोग करते हैं।

**दूसरा**

मरीजों की आवाजाही में मुश्किलें लाल बहादुर शासकीय सिविल अस्पताल सुपेला भी इसी एप्रोच रोड किनारे स्थित है। इस अस्पताल में हर दिन 600 मरीज इलाज करवाने के लिए आते हैं। इस एप्रोच रोड से ही मरीजों का आवागमन होता है। इसलिए यह रोड सबसे व्यस्ततम मार्ग में से है। कई बार तो ऐसा भी होता है कि मरीजों को लाने वाहन को इस रोड से ले जाने में लंबा समय लग जाता है। तब तक मरीज की जान सांसत में अटकी रहती है।

## 18 से अधिक खसरा में निगम देगा भवन अनुज्ञा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

- रिसाली एमआईसी ने लगाई मुहर

रिसाली निगम क्षेत्र के अवधपुरी, सरस्वती कुंज समेत व्हीआईपी नगर में मकान बनाने का सपना अब पूरा होगा। महापौर शशि सिन्हा की अध्यक्षता वाली महापौर परिषद की बैठक में विकास शुल्क का अनुमोदन कर दिया। विकास शुल्क जमा कर नागरिक विधिवत मकान निर्माण करने भवन अनुज्ञा ले सकते हे। दरअसल अवधपुरी और सरस्वती कुंज अवैध कालोनी श्रेणी में आता है। बसाहट के लिए बिना अनुमति जमीन की खरीदी बिक्री होने की वजह से मकान बनाने मे समस्या आ रही थी। नागरिकों को होने वाली असुविधा को देखते हुए निगम प्रशासन ने नियमों के तहत कुल 18 खसरों में विकास और समझौता शुल्क लेकर भवन अनुज्ञा और भवन पूर्णता देने का निर्णय लिया है। महापौर परिषद ने निर्धारित विकास शुल्क पर मुहर भी लगा दी है। परिषद की बैठक में एमआईसी जहीर अब्बास, संजू नेताम, अनिल देशमुख, सनीर साहू, ममता यादव, रंजिता बेनुआ, जमुना ठाकुर, रोहित धनकर, आयुक्त मोनिका वर्मा, कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे समेत विभाग प्रमुख उपस्थित थे।

### जाने कहा कितना विकास शुल्क

व्हीपी नगर रिसाली के खसरा 493पी, 496/1, 497पी, 498, 502पी, 603पी, 1038पी, 1039 पी पर 211.76 रू. प्रति वर्गफीट विकास शुल्क। इसी तरह सरस्वती कुंज पूर्व के 754 पर 216.09 रूपए, 645/1पी पर 224.36 रूपए, 222 पी पर 221.44 रूपए, सरस्वती कुंज पश्चिम के खसरा 274/2 पर 203.70 रूपए, सरस्वती कुंज पूर्व 684, 685 पर 217.65 रूपए, 257/81 पर 225.48 रूपए, 650, 656 पी पर 217.07 रूपए, 861 पर 200.70 रूपए, अवधपुरी रिसाली के खसरा 634, 635, 636, 676 पर 215.58 रूपए, सरस्वती कुंज रिसाली के खसरा 757, 797, 798 पर 206 रूपए और अवधपुरी रिसाली के खसरा 620, 621 पर 236.78 रूपए प्रति वर्गफीट विकास शुल्क निर्धारित है।

## एसपीएसबी अंतर इस्पात संयंत्र शतरंज प्रतियोगिता शुरु, 9 टीमों में होगी शह व मात

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय स्टील प्लांट्स स्पोर्ट्स बोर्ड–एसपीएसबी अंतर इस्पात संयंत्र शतरंज प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह भिलाई निवास के एमपी हाल में सम्पन्न हुआ।

मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार थे। विशिष्ट अतिथि मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, सेफी, ओए व बीएसपी शतरंज क्लब के अध्यक्ष एनके बंछोर, पूर्व ओलंपियन एवं उप महाप्रबंधक (एससीसीए) राजेन्द्र प्रसाद व मुख्य महाप्रबंधक तपन कुमार के अलावा उप प्रबंधक अभिजीत भौमिक, भिलाई शतरंज क्लब के सचिव अलंकार भिवगड़े एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। प्रतियोगिता में इस्पात संयंत्रें से 9 टीमों ने भाग लिया है, जिनमें भिलाई इस्पात संयंत्र, दुर्गापुर स्टील प्लांट, टाटा स्टील, इस्पात इस्को बर्नपुर, सेलम स्टील प्लांट, राउरकेला स्टील प्लांट, जेएसयू स्टील लिमिटेड, राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड एवं विश्वेश्वरैया आयरन एंड स्टील प्लांट की टीमें शामिल हैं। यह प्रतियोगिता शतरंज फैडरेशन आफ इंडिया द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार खेली जाएगी। मुख्य अतिथि ने कहा कि शतरंज जैसी बौद्धिक खेल प्रतियोगिताएं न केवल मानसिक सतर्कता को विकसित करती हैं, बल्कि संयंत्रें के बीच सौहार्द व खेल भावना को भी सुदृढ़ करती हैं। प्रतियोगिता का संचालन एससीसीए विभाग के सुप्रियो सेन ने किया। प्रतियोगिता का समापन समारोह 3 जुलाई को भिलाई निवास में होगा।

## टाउनशिप व सुपेला चौक से हटाए तीन दर्जन कब्जे, प्रवर्तन टीम की कार्रवाई

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा मंगलवार को राहगीरों की सुरक्षा और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए अवैध दुकानदारों, कब्जों और ठेले वालों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। टाउनशिप के व्यस्ततम क्षेत्रों व सुपेला चौक आदि से कब्ज हटाए गए। बेदखली कार्रवाई के दौरान पुलिस बल भी उपस्थित था। इंफोर्समेंट विभाग द्वारा आज पुलिस के सहयोग से कई कब्जों को बेदखल किया गया। सिक्स ट्री एवेन्यू, मौर्या चंद्र अंडरब्रिज, सुपेला चौक, सुपेला अंडरब्रिज, सेक्टर-6 अंडर ब्रिज, सेक्टर-7 बीएसएफ के सामने सेक्टर-6 ई मार्केट, सेक्टर- 8 स्टील क्लब चौक से अवैध ठेले, दुकानों व कब्जों को हटाए गया। करीब तीन दर्जन कब्जों को हटाया गया। टीम द्वारा कब्जाधारियों के सामान भी जब्त किए गए व नाम पता नोट कर दोबार कब्जा न करने की चेतावनी दी गई। बेदखली कार्रवाई के दौरान भट्ठी थाना टीआई राजेश साहू व भिलाई नगर थाना टीआई प्रशांत मिश्रा सहित पुलिस जवान व प्रवर्तन विभागी की टीम शामिल थी।



## मुक्ति मोर्चा ने शंकर गुहा नियोगी को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा मजदूर कार्यकर्ता समिति के तत्वावधान में मंगलवार को शंकरगुहा नियोगी की शहादत दिवस पर अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कलादास डहरिया ने बताया कि अलग-अलग जगहों में हुए कार्यक्रम में मजूदर, श्रमिक, महिलाएं शामिल हुईं।

- शहीदों के सपनों को साकार करने ली शपथ

सुबह 12 बजे पॉवर हाउस के रेलवे प्लेट फार्म में मजदूरों ने नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की। शहीद परिवारों ने अपने-अपने परिवारों को याद कर आंसू से श्रद्धांजलि अर्पित की। दोपहर 1 बजे लाल मैदान से रैली निकली, जो छावनी चौक होते हुए नियोगी चौक में समाप्त हुई। जहां एक आम सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान शहीदों के सपने को साकार करने शपथ ली गई। वक्ताओं ने कहा की आज सरकार किसी के भी जन विरोधी काम करने में लगे रहते हैं, जिस तरह वर्तमान में हसदेव से लेकर बस्तर के जल जंगल जमीन को कार्पोरेट के हाथों बेच रहे हैं। मजदूरों को न्यूतम वेतन तक नहीं मिल रहा है। धर्म और जाति के नाम पर लोगों को आपस में लड़वा रहे हैं। महिलाएं बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं हैं। आदिवासियों के उपर दमन हो रहा है। मानवाधिकार का खुले आम उल्लंघन हो रहा है।

### नगरीय निकायों के मजदूरों को अब तक नहीं किया नियमित

नगरीय निकायों के मजदूरों को आज तक नियमित नहीं किया गया है। हॉस्पिटल सेक्टर 9 के रहवासियों को आज तक व्यवस्थापन नहीं मिला है। बेदखली का साजिश की जा रही है। 9 साल से स्टे लगा हुआ है, उस स्टे को खारिज कराने बीएसपी लगा हुआ है। जनता के पक्ष में संगठित होने की जरुरत है। नवा अंजोर और रेला ने जन गीत प्रस्तुत किए। एसीसी अडानी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। इस अवसर पर जनक लाल ठाकुर, सुकलाल साहू, भीमराव बागडे, रमाकांत बंजारे, निरा डेहरिया, दसमत साहू, संतोष यादव, भुवन साहू, कलादास डेहरिया, सुरेन्द्र मोहंती, जय प्रकाश नायर, तुहीन देव, सहित अन्य मौजूद थे।

### कर्मचारी कहां करें मनोरंजन व सामाजिक कार्यक्रम

# अफसरों के लिए लग्झेरियस क्लब, कर्मियों के जर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

टाउनशिप में वर्षों पूर्व बने इस्पात क्लबों के जर्जर होने से कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें भवनों का मेंटेनेंस नहीं किए जाने से शादी आदि कार्यक्रमों के लिए दिक्कतें हो रही हैं। इस मामले में बीएसपी उदासीन बना हुआ है। बीएसपी टाउनशिप में साठ के दशक में बीएसपी कर्मचारियों के सामाजिक और सांस्कृतिक आदि आयोजनों के लिए इस्पात क्लबों का निर्माण किया गया था। इस तरह के सर्वसुविधायुक्त भवन सेक्टर एक से सेक्टर दस और मड़ौदा तथा रिसाली सेक्टर आदि सभी सेक्टरों में स्थित हैं। इन भवनों का वर्षों से मेंटेनेंस नहीं होने के कारण अधिकतर जर्जर हो चले हैं और बुनियादी सुविधाएं भी बदहाल हैं। इसके चलते बीएसपी कर्मचारियों के बच्चों की शादी, पार्टी, सांस्कृतिक व खेल आदि गतिविधियों के लिए भटकना पड़ रहा है। उन्हें विवाह समारोहों के आयोजनों के लिए बाहर मैरिज पैलेस आदि भवनों को अधिक रेंट पर लेने मजबूर होना पड़ रहा है। कई कर्मचारी मैदान में टेंट लगाकर विवाह समारोह करने मजबूर हो रहे हैं। यूनियनों के मुबाबिक खुले मैदान में आयोजन करने से बारिश, आवारा मवेशियों, चोरी आदि की समस्या से जूझना पड़ता है। लंबे समय से यूनियनों के मेंटेनेंस की मांग के बाद भी अधिकतर भवन जर्जर हैं ओरेंर्ी और सुविधाएं बदहाल हैं। सेक्टर 6 इस्पात क्लब के खिड़की, दरवाजे खराब हो चुके हैं, खिड़कियों के कांच टूट चुके हैं। पंखों की ब्लेड मुड़ चुकी है ओर वायरिंग उखड़ चुकी है। टायलेट भी जाम होते रहते हैं। सेक्टर 4 क्लब भी जर्जर स्थिति में है। यहां बारिश में सीपेज की समस्या बड़ जाती है। अंदर पानी भर जाता है।

### सेक्टर 5 को बनाया था मांडल

गौरतलब हो कि वर्ष 2012 में सेक्टर 5 इस्पात क्लब का संधारण किया गया था। सेल चेयरमेन के यहां कार्यक्रम के लिए इस क्लब की दीवारों में शहर के नामचीन पेंटरों से आकर्षक पेंटिंग करवाने के साथ भवन को सर्वसुविधायुक्त बनाया गया था। प्रबंधन द्वारा सेक्टर 5 क्लब को मांडल मानकर इसी तरह सभी सेक्टरों के इस्पात क्लबों का संधारण किए जाने की घोषणा की गई थी। लेकिन हालिया सेक्टर 7 को छोड़कर अन्य सभी इस्पात क्लब जर्जर व सुविधाएं बदहाल हैं।



सिर्फ सेक्टर 7 इस्पात क्लब का ही हुआ संधारण

### आफिसरों के लिए है स्टील व भिलाई क्लब

एक ओर तो कर्मचारियों के सामाजिक व मनोरंजन की गतिविधियों के लिए बनाए गए इस्पात क्लब जर्जर हो चुके हैं। वहीं दूसरी ओर अधिकारियों के लिए आलीशान क्लब हैं। सेक्टर 8में स्टील क्लब और जयंती स्टेडियम के निकट भिलाई क्लब है। दोनों क्लबों में टेनिस कोर्ट, एलईडी टीवी, कैरम, बार व स्वीमिंग पूल आदि लक्झेरियस सुविधाएं हैं। यहां समय समय पर बड़े सांस्कृतिक आयोजन भी होते हैं।

## 10 साल में न सड़क बनी न नाली हटाई जगह पर अब फिर कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

अर्जुननगर फोकटपारा में दस साल पहले निगम ने इसलिए लोगों के कब्जे हटाए कि रोड और नाली का विस्तारीकरण करना है। जिन लोगों के पास भूमि के पट्टे थे उन्हे भी बेदखल कर दिया। यहां से 7 लोगों को बेदखल किया गया।

सालों बाद भू माफियाओं की नजर इस खाली जमीन पर पड़ी और उन्होने पहले झोपड़ी बनाया। फिर ईंट से गोदाम बनाकर घेर लिया। निगम कार्रवाई न करें इसके लिए एक छोटा सा मंदिर भी बना लिया। वे लोग जिनके पास भूमि के पट्टे थे वे इधर-उधर भटक रहे हैं और दूसरे लोगों ने यहां कब्जा करना शुरू कर दिया है। ऐसे लोग यहां कब्जे कर रहे हैं जिन लोगों को निगम ने विस्थापित कर मकान तक आबंटित कर दिया था। अर्जुननगर फोकटपारा कैंप वन के इस जगह पर कब्जे की शिकायत वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, जोन 2 आयुक्त के समक्ष डेढ़ दर्जन लोगों ने अपने हस्ताक्षर कर लिखित रूप से प्रस्तुत कर चुके हैं। उसके बाद भी कार्रवाई शून्य है। शिकायतकर्ता राजू साहू, चंदूलाल साहू, देवला बाई, संतोष मंडावी,किशन मंडावी, प्रीति ठाकुर, परगनिया ठाकुर, गोमती ठाकुर, सविता, कमला देवांगन, चिंताराम, वेदराम देखमुख आदि ने कहा है कि नाली व रोड निर्माण विस्तारीकरण के नाम पर वर्ष 2012 में यहां निगम ने हटाया। घासीदास नगर व शिवाजी नगर में विस्थापित किया गया।

## खबर संक्षेप

### गोकुल नगर को फिर से गुलजार करने की तैयारी




**दुर्ग।** नगरनिगम द्वारा पुलगांव वार्ड में फिर से गोकुल नगर गुलजार किए जाने की तैयारी है। इसके लिए गौसेवको से आवेदन मंगाया जाएगा। जिन्हे महज 68 रूपए फीट पर जमीन उपलब्ध कराया जाएगा। उल्लेखनीय है कि, इससे पहले भी पुलगांव वार्ड 54 में गोकुल नगर बसाने की कवायद नगरनिगम द्वारा की गई थी। हांलाकि इस दौरान कुछ गौसेवको ने ही रूचि दिखाई थी। आयुक्त सुमीत अग्रवाल ने बताया कि, गोकुल नगर में तीस से अधिक जमीन उपलब्ध है, जिन्हें आबंटित किया जाना है। उन्होने बताया कि, गौसेवको को 68 रूपए फीट पर जमीन उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होने बताया कि, इसका उद्देश्य शहर की सडको से मवेशियों को हटाना है, ताकि दुर्घटना में कमी आएगी।

### निगम की दुकान लेने लगेगी बोली

**दुर्ग।** नगरनिगम द्वारा लीच की दुकानों को अब किराए पर देने की तैयारी शुरू कर दी गई हें। इसके लिए निविदा जारी की जाएगी, निविदा में अधिक किराए राशि देने वाले निविदाकारो को दुकान आबंटित किया जाएगा। नगरनिगम में जलघर और गंज चौक काम्पलेक्स को मिलाकर पचास से अधिक दुकाने हैं। इसके आलावा मुख्यमंत्री स्वालंबन योजना की भी दुकाने, जिसका आबंटन अब तक नही होने के कारण जर्जर स्थिति में है। इस तरह करीब सवा सौ दुकानों को किराए पर दिया जाएगा। इसके पूर्व दुकानों का आबंटन लागत मूल्य और कलेक्टर गाइड लाइन से तुलना कर प्रीमियम राशि वसूल किए जाने के कारण लोग दुकानों को लेने सामने नही आ रहे थे। आयुक्त सुमीत अग्रवाल ने बताया कि, दुकान के लिए आगामी तीन माह का किराया राशि अमानत राशि के तौर पर जमा कराई जाएगी। वहीं एक साल के लिए एग्रीमेंट किया जाएगा, जिसमें शर्त का उल्लघन करने पर आबंटन निरस्त भी किया जा सकेगा। बहरहाल निगम प्रशासन जल्द ही निविदा जारी करेगी।

# गैर शिक्षकीय कार्यों में अटैच पाये जाने पर विभाग के अधिकारी होंगे जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

संभाग आयुक्त एसएन राठौर ने संभागायुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में संभाग स्तरीय अधिकारियों की बैठक में समय सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होने साफतौर पर कहा कि, शिक्षको को गैर शिक्षकीय कार्य में अटैच किए जाने पर शिक्षा विभाग के अधिकारी इसके लिए जिम्मेदार होगें, वही सभी जिलों के शैक्षणिक संस्थानों के आस-पास मादक पदार्थों की बिक्री रोकथाम के संबंध में संयुक्त संचालक को निर्देश दिए।

उन्होंने कहा नशे के खिलाफ रैली, शिविर, संगोष्ठी व प्रस्तावित कार्ययोजना के अनुरूप एनसीसी, एनएसएस एवं स्काउट्स गाइड के माध्यम से जन जागरूकता अभियान चलाये जाए। उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों को किसी भी तरह के नशे की लत नहीं लगना चाहिए। स्कूल परिसर पर शिक्षकों के अलावा अधिकारियों को भी ध्यान देने की आवश्यकता है। स्कूल के समीप मादक पदार्थों की बिक्री करने वाले दुकानों को हटाने के लिए संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी से आवश्यक सहयोग लिया जाए।

## शासकीय मद से नवनिर्मित भवनों का हो सदुपयोग

### मूल शाला में भेजे जाए शिक्षक

संभाग आयुक्त ने कहा स्कूल प्रारंभ होने के साथ विद्यार्थियों के आय-जाति-निवास एवं जन्म प्रमाण पत्र बनाने संबंधी कार्यवाही स्कूल स्तर से सुनिश्चित किया जाए। साथ ही अभी भी गैर शिक्षकीय कार्य से कार्यालयों में शिक्षकों को अटैच किये जाने पर चिंता जाहिर करते हुए ऐसे सभी शिक्षकों को जो अभी भी विभिन्न कार्यालयों में अटैच है, उन्हें उनके मूल पदस्थापना स्कूलों में पदस्थ करने के निर्देश दिये। शिक्षकों के अटैचमेंट समाप्त नहीं होने के स्थिति में शिक्षा विभाग के अधिकारी जिम्मेदार होंगे।



### सुशासन तिहार के आवेदनों का करे निराकरण

उन्होंने अधिकारियों से सुशासन तिहार अंतर्गत विभागों को प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी ली। साथ ही विभागों को प्राप्त सभी आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण करने के निर्देश दिये। संभाग आयुक्त ने संयुक्त पंजीयक सहकारिता से गृह निर्माण सहकारी समिति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने संभाग अंतर्गत सभी पंचायतों में सहकारी समितियां गठित करने की कार्यवाही में प्रगति लाने के निर्देश

**विरोध : सत्तापक्ष पर विपक्ष ने लगाया था गुपचुप प्रस्ताव मंगाने का आरोप**

# जनपद सदस्यों के आपसी झगड़े में विकास कार्यों के 72 लाख अटके

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

**2024-25 की पन्द्रवें वित्त की राशि सालभर बाद हुई जारी**

जनपद पंचायत क्षेत्र में पन्द्रवे वित्त के तहत विकास कार्य के लिए राज्य शासन द्वारा 72 लाख रूपए जारी किया जा चुका है। लेकिन भाजपा और कांग्रेस सदस्यों के आपसी खिंचतान के कारण राशि विकास कार्य के लिए जारी नही हो सकी है। विगत दिनों सामान्य सभा की बैठक में कांग्रेस के सदस्यों ने गुपचुप तरीके से भाजपा के सदस्यों से ही प्रस्ताव मंगाने का आरोप लगाते हुए इसका जमकर विरोध किया था। जिसके चलते प्रस्ताव का अनुमोदन ही नही हो पाया।

मिली जानकारी अनुसार वर्ष 2024-25 की पन्द्रवे वित्त की राशि सालभर बाद जारी हुई है। सालभर राशि का इंतजार कर रहे सदस्यों को अपने क्षेत्र में विकास कार्य कराने की उम्मीद थी। लेकिन वित्त की राशि जारी होने के साथ ही बखेडा खडे हो गया है। विगत दिनों जनपद के सामान्य सभा में जब कांग्रेस के सदस्यों द्वारा प्रस्ताव नही देने की बात कही गई तो उन्होने जमकर हंगामा कर दिया। कांग्रेस सदस्यों का कहना था कि, उन्हें राशि जारी होने और प्रस्ताव भेजने की सूचना ही नही दी गई। जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी का कहना हैं कि, सीईओ द्वारा गुपचुप तरीके से प्रस्ताव मंगाया गया था। ऐसे में सामान्य सभा में 72 लाख रूपए के मद का अनुमोदन अटक गया और अब तक सदस्यों को आपस में राशि तक नही की गई है।



### मूलभूत कार्य गांव में अटके

राज्य शासन द्वारा पन्द्रवे वित्त की राशि मूलभूत कार्यों के लिए जारी की जाती है। इसमें स्वच्छता, पेयजल व सडक जैसे बुनियादी सुविधा के कार्य किए जाने थे। दुर्ग जनपद में 25 सीट में 13 भाजपा के सदस्य और 12 कांग्रेस के है। कांग्रेस सदस्यों का कहना है कि, सत्ता का गलत उपयोग कर भाजपा के सदस्य मनमानी कर रहे है। हांलाकि अब तक राशि जारी नही हो सकी है। जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी का कहना है कि, भाजपा के सदस्यों की मंशा सही होती तो सभी सदस्यों से प्रस्ताव मंगाए जाते, लेकिन ऐसा नही किया गया।

### बैठक को लेकर कांग्रेस सदस्यों की टकटकी

जनपद पंचायत में वित्त की राशि जारी होने को लेकर कांग्रेस के सभी बारह सदस्य टकटकी लगाए हुए है। लेकिन अब तक आगामी सामान्य सभा की बैठक कब होगी यह भी तय नही है। कांग्रेस के सदस्यों ने जनपद सीईओ रूपेश पांडेय से सभी सदस्यों को प्रस्ताव मंगाकर राशि बराबर जारी किए जाने की मांग की है। लेकिन पिछ्ल पखवाडेभर से राशि जारी ही नही की गई है।

### कोर्ट जाएंगे

वित्त की राशि गांव में विकास के लिए जारी किया जाता है। करीब 72 लाख रूपए के प्रस्ताव को सामान्य सभा में लगाया गया था, लेकिन अनुमोदन नही हुआ है। अगर राशि न्यायोचित नही बंटी तो हम कोर्ट जाएंगे। **-राकेश हिरवानी,** उपाध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग

# कर्ज वसूली से परेशान किसानों ने किया प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ सहकारिता मंत्री अमित शाह के नाम किसानों ने सौंपा ज्ञापन

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अंडा सोसायटी के किसानों को कर्ज बकाया होने के चलते वसूली के लिए संपर्क किया जा रहा हैं, जिससे किसान परेशान हो गए है। किसानों के कर्ज खाते में बकाया बताया जा रहा है। जबकि किसानों का कहना हैं कि वर्ष 2017-18 की राशि का पूरा भुगतान हो चुका है। इसके बाद भी फोन किए जाने से नाराज किसान अंडा सोसायटी के सामने मंगलवार को जमकर प्रदर्शन किया और सहकारिता मंत्री अमित शाह को ज्ञापन दिया गया।

अंडा ब्रांच के अधीन आने वाले सौ से अधिक किसानों को अंडा ब्रांच के सोसायटी से फोन किया जा रहा है। किसानों ने बताया कि, पहले ही जिले में किसान खाद बीज सहित समितियों के मनमानी रवैया से जूझ रही है। इस बीच कर्ज भुगतान नही होने की बात से किसान चितिंत है। यही कारण है कि, शाखा अंडा के अधीन समिति के खाताधारक किसान विभिन्न मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन कर नाराजगी जाहिर की है। किसान नेता ढालेश साहू ने किसानों के समक्ष विभिन्न बातों को रखा प्रदर्शन के बाद किसानों ने नायब तहसीलदार विश्वमित्र दीवान को सहकारिता केंद्रीय मंत्री अमित शाह एवं केंद्रीय कृषि कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौपा गया। इस दौरान प्रशांत साहू, विजय ठाकुर, अजय साहू, लोकनाथ साहू बलराम साहू, ललित साहू, पूर्णिमा बाई, रामदास साहू बिसहत, गीतेश्वर साहू आदि उपस्थित थे।

### कर्ज में गड़बड़ी की जांच और कार्रवाई की मांग

किसानों ने कहा कि डीएमआर खाते में गडबडी की जांच कराई जाए, वही दोषी अफसरों पर तत्काल कार्यवाही की जाए। जानकारी अनुसार डीएमआर खाते की मानिटिरिंग ब्रांच से होता है। सोसायटी प्रबंधक ब्रांच को कर्ज की जानकारी देते है। लेकिन इसके बाद भी कर्ज की एंट्री नही किए जाने का खामियाजा किसानों को भुगतान पड रहा है।

# राम नगर वार्ड में रोड, नाली, पुलिया के लिए 95 लाख स्वीकृत, विधायक ने जताया डिप्टी सीएम का आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

वैशाली नगर विधानसभा अंतर्गत निगम जोन-2 के रामनगर मुक्तिधाम के समीप रोड, नाली और पुलिया निर्माण के लिए 95 लाख रुपये की स्वीकृति मिली है। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने बताया कि 15वें वित्त आयोग अनटाईड ग्राण्ट (निर्माण कार्य) अंतर्गत निर्माण कार्य हेतु संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास ने यह अनुमति प्रदान की है। सेन ने बताया कि आवंटित राशि से मुक्तिधाम के समीप गणेश मंच से गणेश चन्द्राकर निवास, तैलिक भवन के सामने गली एवं प्रगति स्पोर्टस के पास रोड, नाली एवं पुलिया निर्माण कार्य होगा। बहुप्रतिक्षित इस कार्य का प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा गया था जिस पर नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव ने आवश्यकता व मांग अनुरूप तत्काल कार्य स्वीकृति दी है, जिसके लिए विधायक रिकेश ने उप मुख्यमंत्री साव को धन्यवाद प्रेषित किया है।



# सीएसपीएल की याचिका को खारिज किया जाए- गुप्त

**दुर्ग।** पिछले सालों के घाटा का हवाला देते हुए लाईसेंसी बिजली कंपनी सीएसपीएल ने विद्युत नियामक आयोग के समक्ष याचिका प्रस्तुत किया है और अगले साल विद्युत के टैरिफ में वृद्धि करने का आग्रह किया है। इसका विरोध करते हुए छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन के एड राजकुमार गुप्त ने प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए याचिका को खारिज करने का आग्रह किया है। किसान संगठन के नेता ने कहा लाईसेंसी बिजली कंपनी सीएसपीडीसीएल ने आयोग के समक्ष दिसम्बर 2024 में याचिका दायर किया था, लाईसेंसी बिजली कंपनी ने इस दौरान अनेक बार याचिका में कांट छांट किया है। जबकि न्यायिक प्रक्रिया के अनुसार उन्हें अमेंडमेंट करके नई याचिका दायर करना था, इसके अलावा दिसम्बर में किये गये प्रार्थना को बाद में वापस ले लिया था। अतः न्यायिक प्रक्रिया का पालन नहीं करने के आधार पर याचिका खारिज किया जाना चाहिए। याचिका के 6 माह बाद जनसुनवाई किया गया है, जिससे संदेह पैदा होता है। जनसुनवाई की सूचना आनन फानन में मात्र 2 दिन के समय में बस्तर और सरगुजा जैसे दूर दराज के उपभोक्ताओं का जनसुनवाई में शामिल होना नामुमकिन है।



# खुले में चिकन-मटन दुकानों को हटाने विहिप-बजरंग दल की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

■ संक्रामक बीमारियों का बढ़ रहा खतरा

विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल नेहरूनगर जोन के आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा। इसमें खुले में संचालित चिकन-मटन दुकानों को तुरंत हटाने की मांग की गई। संगठन ने आरोप लगाया कि ये दुकानें निर्धारित मार्केट परिसर के बजाय बीच बाजारों, मुख्य सड़कों और आवासीय क्षेत्रों में अवैध रूप से संचालित हो रही हैं, जो पूरी तरह नियमों के खिलाफ है। भिलाई सहित अन्य क्षेत्रों में पहले से मांस-मछली दुकानों के लिए विशेष मार्केट निर्धारित है, लेकिन उसके बावजूद कई दुकानदार खुले में दुकानें चला रहे हैं। परिषद का कहना है कि इन दुकानों से निकलने वाला कचरा खुले में या नालियों में फेंका जा रहा है, जिससे गंदगी, दुर्गंध और संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। यह स्थिति न केवल मानव स्वास्थ्य के लिए खतरा है, बल्कि जीव-जंतुओं और पर्यावरण के लिए भी घातक साबित हो रही है। ज्ञापन सौंपने वालों में संयोजक रोहित दुबे, समर पवार, जामवंत मिश्रा, द्रवीण शुक्ला, योगेश, पीयूष, अतुल साहू, आशीष यादव सहित अन्य मौजूद थे।

# युक्तियुक्तकरण सहित चार मांगों को लेकर शिक्षक मंच ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

■ रिक्त पदों का सही चिंहाकन नहीं करने का आरोप

शिक्षक साझा मंच ने चार सूत्रीय मांगों को लेकर दुर्ग, पाटन और धमधा ब्लॉक में प्रदर्शन किया। युक्तियुक्तकरण में गड़बडी सहित चार मांगों को लेकर यह प्रदर्शन मंगलवार को ब्लॉक मुख्यालयों में हुआ। दुर्ग ब्लॉक में जिला पंचायत के सामने में धरना प्रदर्शन कर रैली निकालकर अपनी मांगों का ज्ञापन दिया। ज्ञापन एसडीएम उत्तम ध्रुव को मुख्यमंत्री , शिक्षा सचिव एवं संचालक लोक शिक्षण के नाम सौंपा। मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा आनन फानन में सहायक शिक्षक से प्रा.शा-प्रधान पाठक में पदोन्नति कर पदस्थापना इस बात को प्रमाणित करता है कि युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया में रिक्त पदों का सही चिंहांकन नहीं किया गया था। जिसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड शिक्षा आधिकारी एवं उनका स्थापना शाखा स्पष्टतः दोषी है जिसे बचाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। तत्कालीन बीईओ गोविंद साव को निलंबित किया गया किंतु इतनी सारी अनियमितताओं के बाद अब ठोस कार्यवाही की अपेक्षा कलेक्टर से अपेक्षित है।



### शिक्षक पदाधिकारियों के ये आरोप

प्रदर्शन के दौरान शिक्षक पदाधिकारियों ने कहा कि काउंसलिंग के दौरान जिले के कलेक्टर ने नियम विरुद्ध अतिशेष शिक्षकों को अभ्यावेदन प्रस्तुत करने कहा था।जिसका परीक्षण कर न्याय संगत कार्यवाही की बात कही गई थी तदानुसार प्रभावित शिक्षकों ने अपना सप्रमाण अभ्यावेदन प्रस्तुत किया जिस पर आज पर्यंत तक ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा मनमानी करते हुए उन समस्त शिक्षकों को एकतरफा कार्यमुक्त का आदेश प्रसारित किया।

### दिव्यांगों से अन्याय

दिव्यांग शिक्षक साथी का अभ्यावेदन स्वीकार करते हुए निरस्त की जानकारी मिली, वही पदोन्नत प्र.पा जो इस अतिशेष में शामिल थे जिसके अनुसार काउंसलिंग पद्नुक्रम में परिवर्तन होगा और शिक्षक दूरस्थ पदस्थ हुए हैं उन्हें नजदीक के शाला चयन का अवसर मिलता । प्रदर्शन में ब्लाक संचालक किशन देशमुख, प्रताप धनकर, वीरेन्द्र दुबे, चन्द्रशेखर तिवारी, शत्रुघन साहू, संजीव मानिकपुरी, कमल वैष्णव व शिक्षक भी शामिल हुए।

**समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने की विभागीय कामकाज की समीक्षा**

# रामलला दर्शन योजना 6 अगस्त और 3 सितम्बर को

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ जाति, निवासी प्रमाण पत्र की प्रगति पर जताई नाराजगी

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित कर विभागवार कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने शासन की महत्वाकांक्षी श्री रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत आगामी 6 अगस्त और 3 सितम्बर को श्रद्धालुओं को अयोध्या भेजने हेतु विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी। इस संबंध में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले के लिए निर्धारित यात्री कोटे के अनुसार सभी नगरीय निकायों एवं जनपदों से आवेदन लिए जाएं और यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में विद्यार्थियों के स्थायी जाति प्रमाण-पत्र, निवास प्रमाण-पत्र तथा आय प्रमाण-पत्र बनवाकर विद्यालयों में वितरित किए जाने की योजना की प्रगति पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर ने इस दिशा में धीमी गति पर असंतोष व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन विद्यार्थियों ने प्रमाण-पत्रों के लिए आवेदन किया है, उनके प्रकरणों को शीघ्रता से संबंधित तहसीलों में भेजा जाए ताकि समय पर सत्यापन की प्रक्रिया पूरी की जा सके और प्रमाण-पत्र तैयार कर विद्यार्थियों को वितरित किए जा सकें। जिले में लाईवलीहुड कॉलेज की स्थापना की दिशा में संबंधित अधिकारी को उपयुक्त स्थान चिन्हित करने को कहा गया है।





### 105 संदिग्ध राशन कार्डों पर कार्रवाई

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत संदिग्ध राशन कार्डों के सत्यापन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने जानकारी ली। खाद्य अधिकारी ने बताया कि अब तक 105 संदिग्ध कार्डों पर कार्रवाई की जा चुकी है। अटल परिसर में स्थापित की जाने वाली प्रतिमा के संबंध में विभिन्न विभागों से अब तक एनओसी प्राप्त नहीं हुई है।

### स्वास्थ्य विभाग को सतर्क रहने के निर्देश

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने स्वास्थ्य विभाग को आगामी मानसून सीजन के दौरान सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में जलभरावए दूषित पानी और साफ.सफाई की कमी के कारण डायरियाए उल्टी, दस्त, टायफाइड मलेरिया एवं डेंगू जैसे जलजनित और मच्छर जनित रोगों के फैलने की आशंका बनी रहती है। ऐसी स्थिति में स्वास्थ्य विभाग को पहले से तैयार रहना होगा। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि ओआरएस पैकेट, जिंक टेबलेट, क्लोरिन टेबलेट, ब्लीचिंग पाउडर और अन्य जीवन रक्षक दवाएं पर्याप्त मात्रा में संग्रहित की जाएं और उनकी तत्काल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

### मजदूरों से भरी पिकअप पलटी, डेढ़ दर्जन घायल

**सड़क अतरिया।** ग्राम बोरई में बुधवार शाम मजदूरों से भरी एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना से डेढ़ दर्जन से अधिक मजदूर घायल हो गए। जिसमें दो मजदूर को गंभीर चोंट लगने की जानकारी सामने आई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कुटेली के लगभग दो दर्जन मजदूर रोज की तरह ग्राम पद्मावतीपुर खेत में रोपा लगाने गए हुए थे। खेत में काम पूर्ण कर सभी मजदूर एक पिकअप में सवार होकर वापस लौट रहे थे। शाम करीबन 5 बजे वाहन ग्राम बोरई के पानी टंकी के पास पहुंचा ही था कि वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतरकर पलट गई। जिससे मौके पर हाय-तौबा मच गया। वाहन में सवार कुछ लोग इधर-उधर जा गिरे तो कोई एक-दूसरे के ऊपर दब गया।



## खबर संक्षेप

### दामापुर में प्रवेशोत्सव धूमधाम से मना

**कोलेगांव।** शासकीय हाई स्कूल दामापुर में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र पर पूजा-अर्चना कर किया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी बालक-बालिकाओं को तिलक लगाकर, पुष्प गुच्छ भेंटकर, मिठाई खिलाकर, पाठ्य-पुस्तक प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती राजेश्वरी महेंद्र घुतलहरे, नरेश साहू द्वारा बोर्ड परीक्षा में मेरिट में आने वाले विद्यार्थियों को 51 हजार पुरस्कार राशि की घोषित किया गया। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती राजेश्वरी महेंद्र धृतलहरे, अध्यक्ष शाला विकास प्रबंधन समिति द्वारा शिक्षा के महत्व, शाला अनुशासन पर प्रेरणादाई उद्बोधन दिया तथा उनकी उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। साथ ही साथ एक पेड़ मां के नाम के तहत उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा शाला परिसर में पौधरोपण किया गया। इस कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि पीरखान, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि महेंद्र घुतलहरे, शाला विकास प्रबंधन समिति अध्यक्ष सुमन ढीमर, संतोष धुर्वे, परस सिंगरौल, दिलीप बघेल, जगदीश साहू, नारायण साहू, पुरषोत्तम बनर्जी, रानी कश्यप, प्राचार्य जितेन्द्र रत्नाकर, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में पालक गण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### पूर्व माध्यमिक शाला पथर्रा में प्रवेशोत्सव मनाया गया

**कवर्धा।** बुधवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पथर्रा में स्कूल प्रबंधन प्रणाली शाला परिवार पथर्रा में शाला प्रवेश उत्सव बड़े ही धूम धाम से मनाया गया। इस अवसर में सर्वप्रथम सरस्वती मां के तैलचित्र में पूजा अर्चना कर प्रारंभ की गई, जिसमें मुख्य अतिथि सुनील चंद्रवंशी सरपंच, ग्राम प्रमुख अध्यक्षता रोशन सिंह परिहार, उप सरपंच पथर्रा, विशिष्ट अतिथि विपनेश श्रीनेत स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि मनोज चंद्रवंशी पंच, समस्त शाला प्रबंधक समित सदस्य, पालक व गणमान्य अतिथि जन, संकुल पथर्रा अंतर्गत शालाओं के समस्त प्रधान पाठक स्कूल प्रबंधन प्रणाली जिसमें एजेंडा शाला प्रबंधक समित पुनर्गठन, निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, गणवेश वितरण, एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण, मध्याह्न भोजन गुणवत्ता, शासन में महत्वपूर्ण आदेश निर्देश, छात्रवृत्ति, आय-जाति निवास आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई एवं किचन गार्डन में मौसमी साग-सब्जी, पौधा, अतिथि जन रोपित कर अतिथि उद्बोधन नव प्रवेशी छात्र छात्राओं को पाठ्य पुस्तक, गणवेश वितरण मुंह मीठा कराकर तिलक से सम्मान कर उत्साहित किया गया।

पेज 11 का शेष

### सफलता हासिल ...

दत्ता, रवि मुलवानी, भाजपा नेता धर्मेंद्र साहू, कमलेश वर्मा, रेवा राम निषाद, राकेश वर्मा, ममता साहू, दिनानाथ साहू, डॉ. भुनेश्वर साहू, मनीष छाबड़ा, विजय लवानी, कोमल जैन, सुनीता यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शिक्षक पालकगण उपस्थित रहे।

मांग : वेतन, ईपीएफ और सुरक्षा उपकरणों पर दिए गए निर्देश

# विद्युत विभाग में आउटसोर्स कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिले के साजा संभाग अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड कार्यालय में आउटसोर्स एवं बाह्यस्त्रोत कर्मचारियों की समस्याओं और मांगों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कार्यपालन अभियंता, ठेकेदारों एवं छत्तीसगढ़ विद्युत ठेका श्रमिक विकास संगठन के पदाधिकारी शामिल हुए।

बैठक में संगठन की ओर से अवगत कराया गया कि टीएमसी-एफओसी के तहत नियुक्त कुशल एवं अकुशल श्रमिकों से डीओ फ्यूज, सर्किट जोड़ना, एलटी, 11 केवी और 33 केवी लाइन की मरम्मत, ट्रांसफार्मर मेंटेनेंस, ट्री कटिंग, जम्फर जोड़ना व काटना जैसे जोखिमपूर्ण कार्य नियमित रूप से लिए जा रहे हैं। यह भी कहा गया कि श्रमिकों को निर्धारित आठ घंटे की बजाय कई बार चौबीस घंटे कार्य के लिए बुलाया जाता है, जो श्रम कानूनों का उल्लंघन है।

### कलेक्टर दर पर वेतन देने की बात दोहराई

इस पर कार्यपालन अभियंता ने स्पष्ट निर्देश दिए कि श्रमिकों से शिफ्टवार कार्य लिया जाए और उन्हें सुरक्षा उपकरणों के बिना पोल पर चढ़ाकर कार्य न कराया जाए। वेतन भुगतान की प्रक्रिया को लेकर भी निर्देशित किया गया कि प्रत्येक माह सात से दस तारीख के बीच ही भुगतान सुनिश्चित हो और यह भुगतान बैंकिंग माध्यम से किया जाए, मोबाइल एप से नहीं। इसके अलावा, श्रमिकों को कलेक्टर दर पर वेतन देने की बात दोहराई गई जिसमें बोनस की राशि भी शामिल हो। नवीन वेतन व्यवस्था के तहत जून 2025 से कुशल श्रमिकों को 11,552 रुपये और अकुशल श्रमिकों को 10,185 रुपये प्रतिमाह भुगतान किया जाना सुनिश्चित किया गया है। बैठक में बोनस और ईपीएफ भुगतान को लेकर भी शिकायतें सामने आईं। ठेकेदारों ने बताया कि बोनस राशि कुछ स्थानों पर मासिक वेतन में जोड़कर तथा कुछ स्थानों पर दीपावली के समय दी जाती है। ईपीएफ राशि प्रत्येक माह श्रमिकों के खातों में जमा की जाती है, इसकी पुष्टि के लिए यून नंबर प्रदान करने के निर्देश भी दिए गए।

### नियमानुसार सभी सुविधाएं होंगी सुनिश्चित

बैठक के अंत में श्रमिकों को हेड ग्लव्स, टेस्टर, कटिंग प्लायर सहित आवश्यक सुरक्षा उपकरण जल्द उपलब्ध कराने हेतु ठेकेदारों को निर्देशित किया गया। कार्यपालन अभियंता ने आश्वस्त किया कि श्रमिकों के अधिकारों और सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होगा तथा नियमानुसार सभी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी।

### श्रमिक के साथ दुर्व्यवहार न करने के निर्देश

ईएसआईसी पहचान पत्र की व्यवस्था को लेकर जानकारी दी गई कि नियुक्ति के बाद ई-पहचान पत्र जारी किया जाता है। इसके लिए श्रमिकों से परिवार सहित फोटो, आधार कार्ड, पैन कार्ड तथा ईपीएफ/ईएसआईसी पेंशन संबंधित दस्तावेज मांगे जाते हैं। दुर्घटना या मृत्यु की स्थिति में ईएसआईसी के तहत मूल वेतन का 70 प्रतिशत पेंशन के रूप में तथा अंतिम संस्कार हेतु 15,000 रुपये की सहायता राशि दी जाती है। वहीं, विकलांगता की स्थिति में ईपीएफ और ईएसआईसी की राशि ऑन ड्यूटी मानते हुए दी जाती है। वेतन भुगतान की गणना संबंधी जानकारी में बताया गया कि चार छुट्टियों को छोड़कर 26 कार्यदिवस का भुगतान किया जाता है और इसी के आधार पर क्लेम किया जाता है। श्रमिकों ने बैठक में कुछ अधिकारियों द्वारा गाली-गलौच किए जाने की शिकायत भी की। इस पर कार्यपालन अभियंता ने ठेकेदारों और सहायक अभियंताओं को निर्देशित किया कि किसी भी श्रमिक के साथ दुर्व्यवहार न हो और अधीनस्थों को भी इसके लिए स्पष्ट आदेश जारी किए जाएं।

# कृषि विभाग ने सेवानिवृत्त कर्मचारी को दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ने अपने सबसे वरिष्ठ कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर विदाई दी। 40 वर्ष सेवा देने के बाद मीनाराम वर्मा (भृत्य) अपने पद से सेवानिवृत हुए। विदाई समारोह में अपने सेवा काल में आए उतार-चढ़ाव का जिक्र करते हुए उन्होंने अपने स्टाफ से मिले प्रेम की प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि उनका पद भले ही छोटा रहा हो, लेकिन अपने जीवन में उन्हें हर किसी से उम्र का सम्मान मिला, जिसे भी कभी नहीं भूलेंगे। अपनी सेवा कल के दौरान 28 साल धमधा, 2 वर्ष बेमेतरा में एवं 9 वर्ष साजा में अपनी सेवा दिए। विदाई समारोह में विशेष रूप से पहुंचे सहायक संचालक जितेंद्र ठाकुर ने कहा कि वर्मा ने सभी किसानों से मित्रता पूर्ण व्यवहार रखा। अपने कार्यकाल में वे काफी लोकप्रिय एवं सहयोगी व्यक्ति थे। समारोह में वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी दिनेश धुर्वे, सेवानिवृत्ति एके मालवीय, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी विनय शर्मा सहित विभाग की समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

अपने वरिष्ठ कर्मचारी की विदाई को यादगार बनाने के लिए विभाग द्वारा रथ की व्यवस्था की गई थी, जिसमें वर्माजी को उनकी पत्नी के साथ ससम्मान शाल श्रीफल भेंट कर उनके निवास स्थान काचरी ग्राम तक छोड़ने के लिए गए शहर के इतिहास में इतना भावपूर्ण विदाई कभी नहीं देखी गई, जिसने भी विदाई समारोह को दिखा विभाग की सराहना की।

# पेड़ पौधे ही हमारे सच्चे मित्र : मैमूना सुल्ताना



**बेमेतरा।** पर्यावरण सुरक्षा अभियान के तहत प्रकृति के प्रति हम सब की जवबदारी को समझते हुए शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शाला बुधवारा विकासखंड साजा में बच्चों एवं उनकी माताओं के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान शिक्षिका के परिवार जनों ने भी पौधरोपण किया। बच्चों ने वृक्ष हमारे मित्र और वृक्ष धरा का भूषण, दूर करे प्रदूषण, जैसे नारे लगाए। इस अवसर पर प्रधान पाठिका मैमूना सुल्ताना ने कहा कि वृक्ष ही हमारे सच्चे मित्र हैं। जब तक पेड़ पौधे हैं तब तक हम सब लोग सुरक्षित हैं। पेड़ पौधे नहीं रहेंगे, तो हम भी नहीं रहेंगे। इस दिशा में सभी को जागरूक होने की आवश्यकता है।

■ शिक्षिका ने अपने परिवार सहित स्कूल में लगाया पेड़

उन्होंने सभी बच्चों से आह्वान किया कि सभी बच्चे अपने-अपने घरों में अपने गांव में अवश्य पेड़ लगाए। प्रधान पाठिका मैमुना सुल्ताना ने भी शाला परिसर में अपनी मां के साथ एक जामुन के पेड़ अपनी मां के नाम लगाया। इस अवसर पर बच्चों को प्रधान पाठिका ने नेवता भोज कराया। प्रधान पाठक सतीश देवांगन एवं संकुल समन्वयक माखन लाल वर्मा शाला परिवार से अर्चना राजपूत, सोम लता साहू ने भी वृक्षारोपण किया। नशा मुक्ति हेतु जन जागरुकता रैली निकाल कर संदेश दिया।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत कार्यक्रम

# स्कूलों में एलईडी डिस्प्ले से जागरुकता अभियान, बच्चों को दे रहे जानकारी

हरिभूमि न्यूज:बेमेतरा



19 जून से 16 जुलाई तक जिला बेमेतरा के विभिन्न स्कूलों में महिला सशक्तिकरण केन्द्र योजना अंतर्गत 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' स्कूल चलो अभियान पर विभिन्न स्कूलों में एल.ई.डी डिस्प्ले में विडियों के माध्यय से बच्चों को स्कूल चलो अभियान, पॉक्सो एक्ट एवं गुड टच बैड टच, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, सखी वन स्टॉफ 181, बाल विवाह रोकथाम, साइबर काइम के बारे में वीडियो के माध्यम से जानकारी दी जा रही है।

वीडियो दिखा कर बच्चों से प्रश्न किया जाता है, उत्तर दिये जाने वाले बच्चे को पेन/कलर पेंसिल गिफ्ट के रूप में दिये जा रहे है तथा अन्य सभी बच्चों को बिस्किट / चॉकलेट का वितरण किया जाता है। ग्यारवीं / बारहवीं की किशोरी बालिकाओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता, आत्मविश्वास बनाये रखने, मासिक धर्म के बारे में खुलकर बात करना, एवं अन्य माहवारी स्वच्छता की जानकारी देते हुए बच्चों को सेनेटरी पैड एवं माहवारी स्वच्छता बुक संगिनी दीदी के गोठ का वितरण किया जा रहा है।

उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त टीम एवं शिक्षको की उपस्थित में जानकारी दिया जा रहा है।

# संकुल आनंदगांव से लगातार तीसरे साल प्रयास विद्यालय में छात्र चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला



विकासखण्ड बेरला के अंतर्गत आने वाले शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला तेलगा व संकुल केंद्र आनंदगांव लोकेश्वर कुमार साहू की चयन इस वर्ष (2024-26 प्रयास्त विद्यालय में चयन होने से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहोल है। लगातार तीसरे बर्ष संकुल केन्द्र आनंदगाँव से इस प्रयास विद्यालय के लिए चयन होना गौरव का विषय है।

संकुल समन्वयक किशोर सिन्हा ने जानकारी दी है कि प्रथम बर्ष 2022-23 में भावेश यदु शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला तेलगा से वर्ष (2023-24) में सतीष गायकवाड शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला आनंदगाँव से और पुनः तृतीय वर्ष (2024-25) में लोकेश्वर साहू शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला आनंदगाँव से चयन हुआ है। बच्चों के पालकों ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए बताया कि यह सब शिक्षकों के समन्वित प्रयास एव संकुल समन्यवक के सतत मार्ग दर्शन से संभव हुआ है। प्रथम वर्ष चयनित छात्र भावेश ने इस वर्ष कक्षा 10वीं में 97% अंक हासिल कर अपने शाला को गौरवान्वित किया है। साथ ही विद्यालयों में बच्चों का चयन निरन्तर होता रहे है इसके प्रेरणास्त्रोत बने है। वही क्षेत्र वासियों ने इन बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए अधिक से अधिक बच्चों की ऐसे विद्यालय में अध्ययन हेतु चयनित होते रहने के लिए अपनी आशा प्रकट की है।

# स्मरण शक्ति विकास पर कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव



सरस्वती उच्च. माध्य. विद्या मंदिर में स्मरण शक्ति विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस दौरान स्कूल के प्राचार्य बीएल कश्यप कार्यक्रम में अध्यक्ष के रूप में उपस्थित हुए। वहीं मुख्य अतिथि रोहित तेलंग ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया।

मेटा माईंड अकेडमी द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में अकेडमी के डायरेक्टर एवं मेमोरी कोच रोहित तेलंग ने प्रमुख वक्ता के रूप में बच्चों को मार्गदर्शन दिया। कार्यशाला में विषयांतर्गत स्मरण शक्ति विकास, बौद्धिक विकास इन विषयों पर मार्गदर्शन किया गया। बच्चों को किसी भी विषय को एकदम आसान तरीके से कैसे पढ़ा और याद किया जा सकता है, यह बताया गया। वहीं महत्वपूर्ण मेमोरी तकनीक से बच्चों को अवगत कराया। आसान तरीकों से कोई भी कठिन से कठिन विषयों पर प्रभुत्व हासिल करने के लिए इन मेमोरी तकनीको का उपयोग बच्चों ने पढ़ाई के दौरान करना चाहिए और इसी के साथ अपनी पढ़ाई को बेहतर करने के लिए एकग्रता बढ़ाने के लिए मेडिटेशन का महत्व मुख्य वक्ता ने समझाया। वहीं मेडिटेशन के कुछ अभ्यास भी बच्चों से करवाए। आयोजन को लेकर रोहित तेलंग ने बताया कि छात्र-छात्राएं जो परीक्षा के डर को अपने मन में बैठा लेते हैं, उस डर को मेडिटेशन की मदद से मन से सहजता से निकाला जा सकता है। इस दौरान उन्होंने बच्चों के उज्वल भविष्य की पढ़ाई के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यशाला के अवसर पर बडी संख्या में छात्र-छात्राओं सहित अकेडमी के गोविंद एन्नावार और स्कूल के आचार्यगण उपस्थित थे।

# पंप चोरी के आरोपी पकड़े गए

**मोहला।** नदी में लगे पंप को चोरी करने के मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चिल्हाटी थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी शिवदयाल पटेल ग्राम मुड़पार ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि इस वर्ष माह जनवरी 2025 में घुमरिया नदी एनीकट के पास ग्राम मुड़पार में अपने खेत में पानी सिंचाई करने के लिए 3.5 एचपी का पानी मशीन कीमती 20000 रुपए लगाया था। 12 फरवरी को अपने पानी मशीन से शाम 6 बजे तक खेत में सिंचाई किया था। उसके बाद प्रार्थी अपना घर चला गया था। 13 फरवरी को सुबह 7 बजे एनीकट में जाकर देखा तो एनीकट में लगाया गया मशीन को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा वायर को काटकर ले गया था। रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस टीम द्वारा अज्ञात आरोपी का पता तलाश किया जा रहा था। इसी दौरान मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम चिल्हाटी का तुषार अंबादे 21 साल निवासी चिल्हाटी द्वारा पानी मशीन को ग्राम झिटिया के भवंर कोमरे के पास बेचना बताने पर तुषार अंबादे को तलब कर घटना के संबंध में पूछताछ किया गया। जिसने पानी पम्प (पनडब्बी) को ग्राम मुड़पार के नदी से अपचारी बालक के साथ मोटर साइकिल से चोरी करना तथा ग्राम झिटिया निवासी भवंर सिंह कोमरे के पास बिक्री करना बताया।

जुलाई महीने में शिव की आराधना के साथ हरेली में कृषि उपकरणों की होगी पूजा

# जुलाई में पर्वों की श्रृंखला: सावन का होगा आगाज गुरुपूर्णिमा-हरेली से लेकर नागपंचमी का मनेगा पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

जुलाई माह लगते ही लोगों में हर्षोल्लास का माहौल निर्मित रहेगा। इस माह व्रत व त्यौहारों का लगातार क्रम बना रहेगा। इसी महीने सावन का महीना शुरू होगा। भगवान शिव की भक्ति में भक्त जुटे रहेंगे। हरियाली तीज व्रत, देवशयनी एकादशी व्रत, गुरूपूर्णिमा, नागपंचमी पर्व सहित अन्य पर्व होंगे। इस माह किसानों की व्यस्तता भी खेतों में बनी रहेगी।

जुलाई माह जहां किसानों के लिए उम्मीदों भरा होगा। वहीं लोगों के लिए पर्व व व्रतों को लेकर भी आ रहा है। पूरे माह विविध धार्मिक आयोजनों का क्रम बना रहेगा। खासकर जुलाई में ही सावन माह का आगाज होगा, जिसे भगवान शिव के आराधना के लिए अतिमहत्वपूर्ण व पवित्र माना गया है। जुलाई में सावन माह के तीन सोमवार मिलेंगे। इस दौरान श्रद्धा भक्ति का वातावरण बना रहेगा। कई मायनों में माह अपने आप में विशेष होगा। पंचाग के अनुसार 3 जुलाई मासिक दुर्गाष्टमी मनाई जाएगी, जो गुप्त नवरात्रि के दृष्टि से बेहद खास है, क्योंकि इस दिन तंत्र विद्या आदि के लिए शुभ दिन माना गया है। 6 जुलाई देवशयनी एकादशी और गौरी व्रत, साथ ही इसी दिन से चातुर्मास की भी शुरूआत हो रही है। चातुर्मास के दौरान कोई भी शुभ और मांगलिक कार्य नहीं किए जाएंगे।



### सावन की शुरूआत

भगवान शिव की भक्ति का महीना सावन 11 जुलाई से शुरूआत हो रही है। जुलाई माह में तीन सोमवार मिलेंगे। इस दौरान भगवान शिव की विशेष आराधना, अभिषेक, कांवड यात्रा का वातावरण निर्मित रहेगा। भगवान शिव के जयकारों की गूंज रहेगी। 14 जुलाई गजानन संकष्टी चतुर्थी, 15 जुलाई मंगला गौरा व्रत, 16 जुलाई कर्क संक्रान्ति, 17 जुलाई कालाष्टमी और मासिक कृष्ण जन्माष्टमी, 20 जुलाई मासिक कार्तिगाई , 21 जुलाई कामिका एकादशी और रोहिणी व्रत, 22 जुलाई कामिका एकादशी व्रत का पारण होगा। साथ ही इसी दिन भौम प्रदोष व्रत भी है। 23 जुलाई मासिक शिवरात्रि इस दिन कावड़ यात्रा का जल चढ़ेगा।

### हरियाली पर गांव गांव में होगी पूजा

पंचाग के अनुसार 24 जुलाई को हरियाली अमावस्या पर्व है। इस पर्व पर अंचल में हर्षोल्लास के साथ घर-घर में पूजा-अर्चना की जाती है। ग्रामीण इलाकों में किसान अपने कृषि उपकरणों की पूजा-अर्चना कर बेहतर फसल एवं सुरक्षा की कामना करते हैं। 27 जुलाई हरियाली तीज, 28 जुलाई विनायक चतुर्थी, 29 जुलाई नागपंचमी, 30 जुलाई कल्की जयंती और स्कन्द षष्ठी एवं 31 जुलाई को तुलसीदास जयंती है।

### देवशयनी के बाद से मांगलिक कार्यों में विराम

पर्वों की दृष्टि से 6 जुलाई देवशयनी एकादशी व्रत के लिए पारण का दिन है। ऐसी मान्यताएं है कि देवशयनी एकादशी के साथ ही भगवान विष्णु योग 4 माह के लिए योग निंद्रा में चले जाते हैं। जिसकी वजह से कोई भी शुभ व मांगलिक कार्य नहीं किया जाता। 8 जुलाई भौम प्रदोष व्रत है। इस दिन शाम के समय में भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने का विधान है। 10 जुलाई इस दिन कोकिला व्रत, आषाढ़ पूर्णिमा (गुरु पूर्णिमा) का पर्व है, जो मंदिर, घर एवं विभिन्न संस्थाओं से जुड़े लोग श्रद्धा भक्ति के साथ बड़े धूमधाम से मनाएंगे।

